चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकःगोप0 / प्रयो0 / 2094
दिनांकः 13.12.2023

विज्ञप्ति

विषयः छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।

एतद्द्वारा **परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पीएड0 / एम0पी0एड0 / मेडिकल / पैरामेडिकल / ए0आई0सी0टी0ई0 अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों को छोड़कर)** के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र / छात्राओं की वार्षिक प्रणाली तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत (एन0ई0पी0 प्रणाली सहित) वार्षिक एवं सम–विषम सेमेस्टर की लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है तथा परीक्षाफल भी घोषित हो चुका है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणवश छूट गयी है एवं उनकी उपाधि पूर्ण नहीं हो पायी है।

ऐसे समस्त विद्यार्थी जो उक्त छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मलित होना चाहते हैं, वे सलग्न प्रारूप को डाउनलोड कर उस पर अपना समस्त विवरण अंकित कर सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या से अग्रसारित कराकर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इंण्डियन बैक में निम्नलिखित सारणी के अनुसार छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं हेतु शुल्क जमा कर आवेदन पत्र प्रत्येक दशा में दिनांक 26.12.2023 तक अंकतालिका, प्रवेशपत्र की छायाप्रति संलग्न कर जमा करना सुनिश्चित करें:–

श्रेणी	विवरण	शुल्क	कुल योग
A	ऐसे छात्र / छात्रा जो कालबाधित (TIME BARRED) की श्रेणी में नहीं आते है	रू0 1,500 / – प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष।	रू0 1,500 / –
B	एक वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र / छात्रा	रू0 1,500 / – प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष + रू 5,000 / – कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क।	रू0 6,500 / –
C	दो वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र / छात्रा	रू0 1,500 / – प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष + रू0 10,000 / – कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क।	रू0 11,500 / –

उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा। छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा हेतु **विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर यथासमय अलग से अपलोड की जायेगी।**

नोटः–1.व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के आवेदन कमरा न0–308 में जमा कराना सुनिश्चित करें।

2.परम्परागत पाठ्यक्रमों के आवेदन गोपनीय विभाग की खिड़की न0–40 पर जमा कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः प्रारूप।

13.12.2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु।

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. प्राचार्य / प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कालेज के सूचना पट पर चस्पा कर अपने महाविद्यालयों / संस्थानों के विद्यार्थियों को सूचित करने का कष्ट करें।
5. प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से कि उक्त तिथि तक छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा का शुल्क जमा करने का कष्ट करें।
6. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

–आवेदन का प्रारूप–

छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने हेतु

पाठ्यक्रम /कक्षा (CLASS)-------------------

	विवरण	अंग्रेजी के बड़े अक्षरो में अंकित करें
1.	अनुक्रमांक	
2.	नामांकन संख्या	
3.	परीक्षार्थी का नाम	
4.	पिता का नाम	
5.	छूटी हुयी प्रयो0/मौ0 परीक्षा का वर्ष	
6.	पाठ्यक्रम का सेमेस्टर/वर्ष (I, II, III ,IV----)	
7.	विषय का नाम	
8.	छूटी हुयी परीक्षा विषय कोडों का नाम	
9.	महाविद्यालय का कालेज कोड	
10.	महाविद्यालय का नाम	
11.	मोबाईल न0	
12.	जमा शुल्क का योग	
13.	बैंक में जमा शुल्क रसीद की दिनांक	
14.	संलग्नकः– 1. प्रवेश पत्र की छाया प्रति 2. प्रथम ईयर/सेमेस्टर की अंकतालिका की छाया प्रति 3. छूटी हुयी प्रयो0/मौ0 परीक्षा (जिसमे अनुपस्थित है) की अंकतालिका की छाया प्रति 4. बैंक में जमा शुल्क की मूल रसीद (विश्वविद्यालय प्रति)	

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

प्राचार्य/प्रचार्या द्वारा अग्रसारित
कालेज की मुहर सहित